लिव इन रिलेशनशिप को गलत नहीं मानती: कृति सैनन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लिव इन रिलेशनशिप और शादी के रिश्ते के बीच फैमिली ड्रामे की कहानी लुका छुपी में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री कृति सैनन का मानना है कि शादी से पहले लिव इन रिलेशनशिप बिल्कुल भी गलत नहीं है। शादी से पहले दो लोगों के बीच की अनुकूलता जानने का यह सबसे आसान तरीका है, अगर शादी के बाद रिश्ते ठीक न हुए तो तकलीफ ज्यादा होती है। इसलिए यदि कोई किसी से साथ सीरियस रिलेशन में है तो लिव इन के जरिए वह आपसी कम्पैटबिलटी चेक कर सकता है।

कृति कहती हैं, शादी प्रथा और लिव इन में... मैं सबसे ज्यादा शादी में विश्वास करती हूं, लेकिन मैं इस मामले में किसी और को जज नहीं करती हूं। लिव इन के मामले में हमारे देश में काफी लोग जज करने लगते हैं। लिव इन रिलेशनशिप को भी मैं गलत नहीं मानती क्योंकि कभी-कभी हम शादी के मामले में निश्चित नहीं होते हैं, जिस लड़के के साथ शादी होने वाली होती है, उसके साथ अपनी कम्पैटबिलटी देखना चाहते हैं, उस अवस्था में लोग लीन इन रिलेशनशिप का सहारा लेकर उस रिश्ते को समझना चाहते हैं।

कृति आगे कहती हैं, आमतौर पर हम सभी लाइफ में एक ही बार शादी करते हैं। मेरे हिसाब से यह पूरी तरह ठीक है। अगर आप किसी के साथ लाइफ बिताने के मामले में पक्का निर्णय नहीं ले पा रहे हैं और पक्का निर्णय लेना चाहते हैं तो लिव इन रिलेशनशिप गलत नहीं है। अगर लिव इन में रहने के बाद आप सहज नहीं होते तो मत करें शादी। रही बात लिव इन रहने के बाद कुछ मर्यादाओं की तो आजकल लोग बिना शादी के मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। लिव इन के दौरान पार्टनर की ऐसी आदतों के बारे में पता चलता है, जिसके बारे में डेट करते समय वह छुपा लेते हैं, लेकिन लिव इन के दौरान एक-दूसरे की सारी असली बातें आपके सामने होती हैं।

छोटे शहरों की पृष्ठभूमि में बनी बरेली की बर्फी से खूब सुर्खियों में रहीं कृति बताती हैं, अब तक मैंने फिल्म बरेली की बर्फी, अर्जुन पटियाला और लुका छुपी जैसी तीन ऐसी फिल्मों में काम कर लिया है, जो छोटे शहरों की कहानियां हैं। छोटे शहर की कहानियां खूब लिखी जा रही हैं और मुझे यह कहानियां बहुत पसंद भी आ रही हैं। मुझे लगता है छोटे शहर की कहानियों से सब लोग रिलेट करते हैं। मेरी परवरिश भी और मिडिल क्लास परिवार में हुई है, इसलिए उन सभी कहनियों से मन भी खुद को जोड़कर देख पाती हूं। फिल्म लुका छुपी में कृति के साथ कार्तिक आर्यन, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और विनय पाठक भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 1 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

सरॉगसी से मां बनने की तैयारी में हैं अनीता हसनंदानी?

टीवी के पॉप्युलर शो ये है मोहब्बतें में शगुन अरोड़ा के किरदार से फेमस हुई अनिता हसनंदानी से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। सुनने में आया है कि तमाम फिल्म और टीवी स्टार्स के बाद अब अनिता और उनके पति रोहित रेड्डी भी सरॉगसी से बच्चे की प्लानिंग में लगे हैं।

बता दें कि नागिन 3 स्टार अनिता की शादी को 6 साल हो चुके हैं। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब यह हालांकि, अनिता ने इन सब रिपोर्ट्स को महज अफवाह बताया है।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि वह जल्द ही बच्चे के बारे में प्लान करेंगी। मालूम हो, अनिता की सबसे खास दोस्तों में शामिल टीवी प्रड्यूसर 43 साल की एकता कपूर भी जनवरी के महीने में सरॉगसी से मां बनी हैं।

हाल ही में सरॉगसी की मदद से कई सिलेब्रिटीज़ पैरेंट्स बने हैं, जिनमें करण जौहर, तुषार कपूर, सनी लियोनी जैसे तमाम स्टार्स हैं।

अगर खबरों पर मुहर लगती है तो अनिता भी लिस्ट में शामिल हो जाएंगी। हाल ही में उनका 6 साल पुराना शो ये है मोहब्बतें भी ऑफएयर हो गया है। शो में वह शगुन की भूमिका निभा रही थीं जो शो की शुरुआत में नेगेटिव कैरेक्टर था। हालांकि बाद में शो के आगे बढ़ने के साथ-साथ यह पॉज़िटिव हो गया।

जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी को लॉन्च करेंगे संजय लीला भंसाली

बॉलिवुड के बेहतरीन डायरेक्टर्स में गिने जाने वाले संजय लीला भंसाली दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में दे चुके हैं। संजय अपनी फिल्मों में पर्फेक्ट कास्टिंग के लिए भी जाने जाते हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, संजय लीला भंसाली जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी को अपने अगले प्रॉडक्शन में लॉन्च करने जा रहे हैं। यह बात अब कन्फर्म हो गई है।

खबरें थीं कि इस साल अपने अपकमिंग प्रॉडक्शन में वह किसी नए टैलंट को लॉन्च करेंगे। कोई ऐसा जिसे वह बचपन से जानते हैं और बॉलिवुड में आने के लिए तैयार करते रहे हैं।

खबरों की मानें तो संजय लीला भंसाली मीजान को अपनी अगली फिल्म में लॉन्च करने वाले हैं, जिसके डायरेक्टर मंगेश हडावले हैं। मीजान ने भी इस बात को कन्फर्म किया कि ऐक्टर बनना उनका बचपन का सपना नहीं था बल्कि यह सपना उन्हें संजय लीला भंसाली ने दिखाया था। अब उन्हें लॉन्च करके वह सपना पूरा भी करने वाले हैं।

भंसाली प्रॉडक्शन की सीएईओ प्रेरणा ने भी इस बात की पुष्टि की है कि मीजान ने 3 फिल्में साइन की हैं। हालांकि यह नहीं पता है कि फिल्म में उनके साथ हिरोइन कौन होगी।